**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 941**

**05 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**प्रसवोत्तर रक्तस्राव देखरेख**

**941. श्री जी. एम. हरीश बालयोगीः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में और आंध्र प्रदेश में विशेषकर कोनसीमा जिले में पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रसवोत्तर रक्तस्राव (पीपीएच) के कारण होने वाली मातृ मृत्यु के मामलों की वर्ष-वार और राज्य-वार संख्या कितनी है, पीपीएच के कारण मातृ मृत्युका प्रतिशत क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा पीपीएच की रोकथाम, निदान और उपचार के संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 के समेकित दिशानिर्देशों को अपनाया गया है/अपनाने का विचार है, यदि हाँ, तो अपनाए जाने की समय-सीमा क्या है और इसके कार्यान्वयन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित पीपीएच देखभाल नियमों के साथ सम्बद्ध करने के लिए कोनसीमा जिले में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, क्षमता निर्माण गतिविधियों, सिमुलेशन अभ्यासों का ब्यौरा क्या है;

(घ) कोनसीमा जिले में पीपीएच के प्रबंधन के लिए आवश्यक दवाओं और उपकरणों से सुसज्जित सुविधाओं की संख्या कितनी है और इन सुविधाओं की तैयारी की स्थिति क्या है;

(ङ) आंध्र प्रदेश में विशेषकर कोनसीमा जिले में पिछले तीन वर्षों के दौरान पीपीएच की रोकथाम और प्रबंधन के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत वर्ष-वार और जिले-वार कितनी निधि आवंटित की गई, जारी और उपयोग की गई; और

(च) विश्व स्वास्थ्य संगठन की रूपरेखा के अनुसार पीपीएच नवाचार के अनुपालन की निगरानी करने तथा प्रग्रहीत किए जा रहे प्रमुख संकेतकों के लिए क्या निगरानी तंत्र अपनाया गया है और आंध्र प्रदेश के लिए जिलेवार प्रदर्शन आंकड़े क्या हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क): स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) के अनुसार, विगत तीन वर्षो के दौरान देश और आंध्र प्रदेश के कोनासीमा जिले सहित अन्य राज्यों में प्रसवोत्तर रक्तस्राव (पीपीएच) के कारण होने वाली मातृ मृत्यु की राज्यवार प्रतिशतता अनुलग्नक I में दी गई है।

(ख): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत, भारत सरकार ने देश भर में प्रसवोत्तर रक्तस्राव (पीपीएच) से संबंधित मौतों को रोकने के लिए कई कार्यनीतियाँ लागू की हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा जारी की गई सिफारिशों को भारतीय संदर्भ में उपयुक्ततानुसार पहले से ही कार्यान्वित किया जा रहा है।

(ग) से (च): आंध्र प्रदेश राज्य से प्राप्त जानकारी के आधार पर, कोनासीमा जिले में प्रसवोत्तर रक्तस्राव (पीपीएच) की रोकथाम और प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों, आवश्यक दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता, निगरानी तंत्र और आवंटित निधि की स्थिति निम्नानुसार है:

- स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नियमित रूप से योग्यता-आधारित प्रशिक्षण जैसे कुशल प्रसव परिचारक (एसबीए), दक्षता, मूलभूत आपातकालीन प्रसूति एवं नवजात शिशु परिचर्या (बीईएमओएनसी), और व्यापक आपातकालीन प्रसूति एवं नवजात शिशु परिचर्या (सीईएमओएनसी) करते हैं। इन प्रशिक्षणों में नियमित कौशल-अभ्यास और प्रसव के तीसरे चरण (एएमटीएसएल) के सक्रिय प्रबंधन, यूटेरोटोनिक्स का प्रशासन, एटोनिक पीपीएच का प्रबंधन, सदमा प्रबंधन और आपातकालीन तैयारी संबंधी ऑन-साइट मेंटरिंग सिमुलेशन शामिल हैं। मानक उपचार प्रोटोकॉल के अनुरूप टीम-आधारित पीपीएच प्रबंधन को सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।
- सभी सेवा प्रदायगी स्थलों को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार पीपीएच प्रबंधन के लिए आवश्यक दवाओं और उपकरणों से सुसज्जित किया गया है और पीपीएच प्रबंधन के लिए इष्टतम तैयारी सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर सुविधाकेंद्र का तत्परता मूल्यांकन किया जाता है।
- राज्य मातृ मृत्यु निगरानी और अनुक्रिया (एमडीएसआर), दक्षता और व्यापक आपातकालीन प्रसूति एवं नवजात परिचर्या (सीईएमओएनसी) सहायक पर्यवेक्षण दौरों सहित कई तंत्रों के माध्यम से पीपीएच प्रबंधन प्रोटोकॉल के अनुपालन की निगरानी करता है। पीपीएच प्रबंधन के लिए भारत सरकार के मानक उपचार प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तर पर जिलावार निष्पादन की मासिक समीक्षा की जाती है।
- निगरानी किए जाने वाले प्रमुख संकेतकों में यूटेरोटोनिक्स की उपलब्धता, एएमटीएसएल प्रोटोकॉल का अनुपालन, ट्रैनेक्जैमिक एसिड का समय पर प्रशासन, पीपीएच आपात स्थितियों के दौरान अनुक्रिया समय और दस्तावेज़ीकरण की गुणवत्ता शामिल हैं।
- विगत तीन वर्षों के दौरान पीपीएच की रोकथाम और प्रबंधन के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत आवंटित जारी और उपयोग की गई निधि का कोनासीमा जिले से संबंधित सूचना सहित विवरण अनुलग्नक II में दिया गया है।

**दिनांक 05.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 941 के उत्तर के भाग (क) में संदर्भित अनुलग्नक**

**अनुलग्नक I**

**पीपीएच के कारण मातृ मृत्यु का प्रतिशत (स्रोत-एचएमआईएस)**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **वित्त वर्ष 2022-23** | **वित्त वर्ष 2023-24** | **वित्त वर्ष 2024-25** |
|---|---|---|---|---|
| | **अखिल भारत** | 16.31 | 13.39 | 13.41 |
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0.00 | 0.00 | 33.33 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 13.53 | 6.43 | 8.58 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 38.46 | 0.00 | 0.00 |
| 4. | असम | 15.40 | 14.25 | 10.16 |
| 5. | बिहार | 20.25 | 13.38 | 14.45 |
| 6. | चंडीगढ़ | 0.00 | 25.00 | 0.00 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 14.41 | 17.14 | 12.23 |
| 8. | दिल्ली | 12.93 | 9.69 | 7.21 |
| 9. | गोवा | 8.33 | 7.14 | 8.33 |
| 10 | गुजरात | 17.03 | 13.13 | 11.16 |
| 11 | हरियाणा | 17.47 | 17.75 | 12.46 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 17.39 | 10.00 | 7.14 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 5.80 | 12.12 | 12.24 |
| 14 | झारखंड | 18.51 | 14.18 | 13.12 |
| 15 | कर्नाटक | 16.24 | 12.55 | 19.67 |
| 16 | केरल | 8.65 | 3.57 | 19.23 |
| 17 | लद्दाख | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 18 | लक्षद्वीप | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 14.01 | 9.23 | 11.87 |
| 20 | महाराष्ट्र | 9.67 | 7.26 | 8.30 |
| 21 | मणिपुर | 7.69 | 21.43 | 28.57 |
| 22 | मेघालय | 18.35 | 13.01 | 10.29 |
| 23 | मिजोरम | 33.33 | 18.18 | 22.22 |
| 24 | नागालैंड | 21.43 | 0.00 | 33.33 |
| 25 | ओडिशा | 13.73 | 10.97 | 14.85 |
| 26 | पुदुचेरी | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 27 | पंजाब | 5.64 | 10.19 | 8.46 |
| 28 | राजस्थान | 17.91 | 11.45 | 12.40 |
| 29 | सिक्किम | 9.09 | 0.00 | 11.11 |
| 30 | तमिलनाडु | 7.08 | 14.32 | 13.85 |
| 31 | तेलंगाना | 7.12 | 13.64 | 4.33 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0.00 | 33.33 | 0.00 |
| 33 | त्रिपुरा | 13.21 | 13.73 | 25.00 |
| 34 | उत्तराखंड | 15.95 | 14.81 | 13.95 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 26.11 | 21.48 | 20.36 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 8.90 | 8.71 | 9.00 |

**दिनांक 05.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 941 के उत्तर के भाग (ग) से (च) में संदर्भित अनुलग्नक**

**अनुलग्नक II**

आंध्र प्रदेश राज्य में पीपीएच की रोकथाम और प्रबंधन के लिए आवंटित और उपयोग किया गया बजट (लाख में)- स्रोत: राज्य रिपोर्ट

| क्र.सं. | जिले का नाम | 2022-23 | | 2023-24 | | 2024-25 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बजट आवंटित | बजट का उपयोग | बजट आवंटित | बजट का उपयोग | बजट आवंटित | बजट का उपयोग |
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 2 | अनकापल्ली | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 3 | अनंतपुरम | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.70 | 7.70 |
| 4 | अन्नमय्या | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 5 | बापतला | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 6 | चित्तूर | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 7 | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनसीमा | **7.29** | **7.29** | **7.29** | **7.29** | **7.70** | **7.70** |
| 8 | पूर्वी गोदावरी | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 9 | एलुरु | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 10 | गुंटूर | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.70 | 7.70 |
| 11 | काकीनाडा | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 12 | कृष्णा | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 13 | कुरनूल | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 14 | नांदयाल | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 15 | एनटीआर | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 16 | पालनाडु | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 17 | पार्वतीपुरम मान्यम | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 18 | प्रकाशम | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 19 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.70 | 7.70 |
| 20 | श्री सत्य साई | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.70 | 7.70 |
| 22 | तिरुपति | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 23 | विशाखापत्तनम | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 24 | विजयनगरम | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| 26 | वाई.एस.आर | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.29 | 7.71 | 7.71 |
| **राज्य** | | **189.58** | **189.58** | **189.58** | **189.58** | **200.42** | **200.42** |

******